### एक नजर में

#### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में भाग लेने की अपील

**जीरापुर 13 अक्टूबर, सं.** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में पूरे भारतवर्ष में कक्षा पांच से 12वीं तक एवं कॉलेज स्तर पर इस परीक्षा का आयोजन किया जाता है, जिसमें सभी छात्र-छात्राएं सम्मिलित होकर अपने समसामयिक ज्ञान में वृद्धि करते हैं. भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की प्रमुख विशेषता यह है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, महापुरुष, भौगोलिक जीवन की कला एवं वैज्ञानिक दृष्टि से पांचवी से 12वीं एवं कॉलेज स्तर तक के बच्चों को विभिन्न प्रश्नोत्तरी का ज्ञान इस परीक्षा से प्राप्त होता है. गायत्री शक्तिपीठ मुख्य ट्रस्टी देवनारायण दांगी ने बताया कि नगर के शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के सभी विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होकर सभी प्रकार के ज्ञान के प्रश्न उत्तर का अनुभव प्राप्त करेंगे. इसलिए अधिकाधिक संख्या में इस परीक्षा में सम्मिलित होवे. ताकि आपको इस परीक्षा से जो अनुभव मिलेगा वह आपके भविष्य में अन्य परीक्षाओं में बेहतर अनुभव के साथ काम आवेगा.

#### विकासखंडों में लगेगी एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला

**राजगढ़ 13 अक्टूबर, का.** राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग द्वारा प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों में आनंद की अनुभूति कराने तथा उनके दैनिक जीवन कार्यों में सकारात्मक भाव बढ़ाने की दृष्टि से प्रदेश के समस्त विकासखंडों में एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजित की जाएगी. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में म.प्र. जन अभियान परिषद के सहयोग से आनंद विभाग द्वारा विकासखंड स्तर पर एक दिवसीय अल्पविराम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम में ब्लाक स्तर पर शासकीय सेवक विशेष तौर पर राजस्व 10, स्वास्थ्य 10, पंचायत एवं गामीण विकास 10, नगर पालिका/परिषद 10, महिला एवं बाल विकास विभाग 10, पुलिस विभाग 10, कर्मचारी उपस्थित रहेगें. कार्यक्रम की प्रस्तावित तिथियां इस प्रकार है. विकासखंड जीरापुर में 15 अक्टूबर, 2025 को आजीविका मिशन भवन जीरापुर प्रशिक्षण स्थपल पर आयोजित किया जाएगा. इसी प्रकार विकासखंड ब्याावरा अंतर्गत बीआरसी भवन में 16 अक्टूबर को विकासखंड राजगढ़ अंतर्गत जनपद पंचायत में 23 अक्टूबर को, विकासखंड सारंगपुर अंतर्गत आजीविका मिशन में 24 अक्टूबर को, विकासखंड खिलचीपुर अंतर्गत जनपद पंचायत में 27 अक्टूबर को एवं विकासखंड नरसिंहगढ़ अंतर्गत आजीविका मिशन भवन में 29 अक्टूबर को एक दिवसीस अल्पकविराम परिचय कार्यशाला आयोजित की जाएगी.


**नवभारत**
**एजेंसी देना है**

नवभारत भोपाल संस्करण अंतर्गत जिले के सण्डावता, मण्डावर, मलावर में समाचार प्रसार और विज्ञापन एजेंसी देना है.
पत्रकारिता के क्षेत्र में काम करने वाले इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें

नवभारत जिला कार्यालय ब्यावरा
9993866399


# रास्ते के विवाद में संघर्ष, 9 घायल

## ग्राम खनोटा का मामला, दोनों पक्षों में जमकर लट्ठ, फरसे चले, प्रकरण दर्ज

**5 घायलों को भोपाल रेफर किया,**
**2 महिलाओं सहित 9 घायल**

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 13 अक्टूबर, सं. थाना अंतर्गत आने वाले नजदीकी ग्राम खनोटा में सोमवार सुबह शासकीय भूमि से निकलने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया जिनमे आपस जमकर लट्ठ फरसे चले जिसमे दोनो ओर से दो महिलाओं सहित नो लोग घायल हुए है. इनमे पांच को उपचार के लिए भोपाल रेफर किया गया है.**

थाना प्रभारी प्रवीण जाट ने बताया कि ग्राम खनोटा में सोमवार सुबह 9ः00 बजे के लगभग शासकीय भूमि से खेत पर जाने के लिए रास्ते को लेकर विवाद हो गया जिस पर एक और से फरियादी हरी सिंह पिता प्यार जी उम्र 60 वर्ष की रिपोर्ट पर आरोपी करण सिंह पिता नारायण सिंह रामबाबू रामनिवास आदि ने लट्ठ फरसे से रामचंद्र सोंधिया उम्र 45 साल बने सिंह सोंधिया उम्र 60 साल जगन्नाथ पिता प्यार जी सोंधीया उम्र 55 साल पर लट्ठ फरसे से हमला कर दिया जिससे कि उनके गले पांव कमर आदि स्थानों पर गंभीर चोट आई है तीनो को उपचार हेतु भोपाल रेफर कर दिया है. पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपियो के खिलाफ जान से मारने की नियत से मारपीट कर जानलेवा हमले के तहत बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है.

वहीं दूसरी ओर से इसी बात को लेकर फरियादी रामबाबू पिता करण सिंह उम्र 28 वर्ष ने रिपोर्ट लिखाई की आरोपी रामचंद्र दिलीप जगन्नाथ गुजरात जाति सोंधिया चारों ने राम निवास मंजू बाई बापू लाल नारण सिंह गीता बाई करण सिंह पर लाठी फरसा से हमला कर दिया. जिससे इनके शरीर में चोट आई है इनमे नारान सिंह व करण सिंह को भोपाल रेफर कर दिया है. पुलिस ने चारो आरोपियों पर मारपीट गली गलोच जान से मारने की धमकी देने सहित बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है.

### शराब छोड़कर बच्चों को पालने का दिया वचन



**राजगढ़ 13 अक्टूबर, का.** जिले में महिलाओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों एवं सूचनाओं का त्वरित एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने हेतु जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है. इसी क्रम में दिनांक 13 अक्टूबर को आवेदक फूलसिंह पिता कंवरलाल वर्मा निवासी ग्राम कराडिया मोहनपुरा कॉलोनी, राजगढ़ द्वारा महिला थाना राजगढ़ में आवेदन प्रस्तुत किया गया. आवेदक ने बताया कि वह शराब पीने की आदत के कारण अपनी पत्नी को मानसिक कष्ट पहुँचाता रहा, जिससे उसकी पत्नी अपने मायके चली गई थी. आवेदक ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए परिवार को पुनः एकजुट करने एवं शराब छोड़ने का संकल्प व्यक्त किया तथा पुलिस से सहयोग की अपेक्षा की. आवेदन प्राप्त होने पर महिला थाना प्रभारी निरीक्षक राधिका भगत द्वारा प्रकरण की जानकारी पुलिस अधीक्षक को दी गई. पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए आवेदक की पत्नी संगीता पति फूलसिंह वर्मा निवासी ग्राम कराडिया मोहनपुरा कॉलोनी राजगढ़ हाल गादिया थाना कालीपीठ से संपर्क स्थापित कर त्वरित निराकरण हेतु निर्देश दिए. इसके पश्चात दोनों पक्षों को थाने पर बुलाकर समझाइश दी गई. पति फूलसिंह द्वारा भविष्य में शराब का सेवन न करने, पत्नी को किसी प्रकार से परेशान न करने तथा अपने बच्चों की शिक्षा-दीक्षा का दायित्व निभाने का संकल्प लिया गया. दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति एवं समझाइश के उपरांत पति-पत्नी एवं उनके बच्चे खुशी-खुशी पुनः साथ रहने अपने घर रवाना हुए. इस त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही से दोनों परिवारों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई. इस सराहनीय कार्य में प्रआर मो. इरफान, दिनेश गुर्जर, पप्पू भील, महिला आरक्षक नाजिश खान तथा चेतना का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

# अंतिम दिन गायन एवं वादन में विद्यार्थियों का प्रदर्शन

## शासकीय महाविद्यालय ब्यावरा तीन दिवसीय युवा उत्सव का समापन




नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 13 अक्टूबर, का. स्थानीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार तीन दिवसीय महाविद्यालयीन स्तरीय युवा उत्सव के तीसरे दिन विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया.**

प्रतियोगिता में एकल गायन सुगम में कु. रानी पुष्पद प्रथम, कु. किरण नागर द्वितीय, कु. शीतल नागर तृतीय रहीं. समूह गायन में कु. शीतल नागर एवं कु. किरण नागर प्रथम तथा बेबी उपाध्याय व रोशनी चंद्रवंशी द्वितीय स्थान पर रहीं. एकल वादन नॉन परकुशन में एकमात्र प्रतिभागी भूपेन्द्र बैरागी ने हॉरमोनियम पर राग यमन बजाकर समां बांध दिया. प्रभारी प्राचार्य एवं युवा उत्सव प्रभारी प्रो. अरविंद भारद्वाज ने तीनो दिवस के परिणामों की घोषणा की तथा प्रतियोगिताओं में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को अगले जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी.

श्रोताओं के विशेष आग्रह पर पंडित शुभम शर्मा, प्रो. अरविंद भारद्वाज एवं श्रीमती इंदिरा सांकवा ने भी अपनी गायन प्रस्तुति दी. कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनीन्द्र रघुवंशी ने किया.

इस अवसर पर प्रो. श्रीमती इंदिरा सांकवा, प्रो. प्रमोद खरे, डॉ. नमिता जैन, डॉ. केएन मीना, प्रो. हेमंत शर्मा, डॉ. अवधेष टुंडेलकर, डॉ. मुकेश शाक्यवार, डॉ दिलीप गुप्ता, डॉ. एचएल प्रजापति, केएल जाटव, मनीष झाला, अरविंद शर्मा, श्रीमती अपूर्वा दुबे, डॉ. शिखा विश्वकर्मा, सुश्री वीणा हरोड़े, सुश्री दिव्या सिंह, क्रीड़ाधिकारी राकेश जाटव, शिवराज रघुवंशी आदि शामिल रहे.



# नशेड़ियों का अड्डा बना स्टेडियम ग्राउण्ड

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 13 अक्टूबर, सं. खिलचीपुर में नगर परिषद कार्यालय के ठीक सामने स्थित स्टेडियम ग्राउंड इन दिनों बेहद खराब हालत में है. सोमवार सुबह यहां मैदान में चारों ओर शराब और बियर की खाली बोतलें, चिप्स और नमकीन के पैकेट बिखरे नजर आए. सुबह यह मैदान युवा खिलाड़ी और सेना भर्ती की तैयारी करने वाले युवकों के लिए दौड़ और अभ्यास का स्थल है. शाम होते ही यह शराब पीने वालों और असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है. टूटी शराब की बोतलों के कांच बिखरे रहते हैं, जिससे कई बार खिलाड़ियों के पैर कटने जैसी घटनाएं हो चुकी हैं.**

सबसे हैरानी की बात यह है कि मैदान नगर परिषद कार्यालय और थाना परिसर के बिल्कुल सामने होने के बावजूद न कोई सुरक्षा है और न रात में रोशनी की व्यवस्था. युवा धीरज वर्मा ने बताया कि इसी वजह से कुछ लोग देर रात तक शराब पीते हैं और गंदगी फैलाते हैं. स्थानीय खेल प्रेमियों और युवाओं ने प्रशासन से मांग की है कि मैदान में सुरक्षा गार्ड तैनात किया जाए, रोशनी की व्यवस्था की जाए और निगरानी मजबूत की जाए. उनका कहना है कि अगर जल्द ही कार्रवाई नहीं हुई, तो यह स्टेडियम जहां खिलाड़ी अपना भविष्य संवारते हैं, वहीं शराबियों और असामाजिक तत्वों का स्थायी अड्डा बन जाएगा.

### युवाओं, खिलाड़ियों के लिए बनाया मैदान

नगर का स्टेडियम मूल रूप से सेना और पुलिस की तैयारी करने वाले युवा, खिलाड़ी और अन्य वे लोग जो सुबह स्वास्थ्य वर्धक सैर करते हुए उनके लिए बनाया गया है. कई आयोजन भी यहां होते है जिनमें प्रशासनिक और सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल है. ऐसे में मैदान पर इस तरह असामाजिक तत्वों द्वारा वातावरण को खराब करना चिंता की बात है. स्थानीय प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए.

### करवा चौथ पर सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत

**छापीहेड़ा 13 अक्टूबर, सं.** क्षेत्र में करवा चौथ का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया. सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए निर्जला व्रत रखा. दिनभर भूखे-प्यासे रहकर भगवान शिव, माता पार्वती और चंद्रदेव की पूजा-अर्चना की गई. चांद निकलने पर सजी-धजी महिलाओं ने छलनी से पहले चांद और फिर अपने पति का चेहरा देखा. इसके बाद उन्होंने चंद्रदेव को अर्घ्य दिया और पति के हाथों से जल ग्रहण कर व्रत पूर्ण किया. यह व्रत भारतीय संस्कृति में पति-पत्नी के अटूट प्रेम और समर्पण का प्रतीक माना जाता है. महिलाएं पारंपरिक पोशाकों में दिखाई दीं.

# बिना अनमुति मुख्यालय छोड़ने पर सीईओ पर कार्यवाही



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 13 अक्टूबर, का.** कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्र ने समीक्षा बैठक में निर्देश दिए है कि सीएम हेल्प लाईन की शिकायतों का सभी जिला अधिकारी गंभीरता से निराकरण करें. खाद्य विभाग, कृषि विभाग, जल निगम, सीएमओ ब्यावरा, खनिज विभाग जो शिकायतें लम्बित हैं, उनमें उचित जवाब डालें और निराकरण करें. स्वास्थ्य विभाग जिम्मेदारी तय कर शिकायतें क्लोंज करें. बिना अनुमति मुख्यालय छोडने पर मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ को एससीएन जारी करने के निर्देश दिए. चाइल्ड लाईन में रिकार्ड संधारण ठीक न होने पर श्री मनीष शर्मा की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए. बैठक में कलेक्टइर ने सभी एसडीएम, एसडीओपी को निर्देशित किया कि पटाखें की दुकाने व्यवस्थित और सुरक्षित जगह ही लगाएं. साथ ही स्वयं जाकर स्थल का निरीक्षण भी करें. उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी-कर्मचारियों की ई-ऑफिस आईडी लॉगिन रहें. सीईओ जनपद पंचायत खिलचीपुर अपनी टीम को ई-ऑफिस में फाईलों का मूवमेंट बढ़ाएं. साथ ही उन्होंने बैठक में कोर्ट प्रकरणों की भी प्रकरण वार समीक्षा की. बैठक में कलेक्ट्र ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में ई-केवायसी अभियान को गत दिवस भोपाल में आयोजित कलेक्टार-कमिश्नर बैठक में भी सराहा गया है. अभी जो ई-केवायसी बची हैं, सीईओ जनपद पंचायत इसे भी पूर्ण करें. भावांतर योजना में जिन जिला अधिकारियों की ड्यूटी लगी है, वह मण्डीम में समन्वदय कर सभी व्य वस्थार देखें, किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो यह सुनिश्चित करें. इस अवसर पर सभी जिला अधिकारी उपस्थित रहें.

# खजूरी, चितावलिया में पथ संचलन निकाला



नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 13 अक्टूबर, सं.** खंड के खजूरी मंडल का संचलन संपन्न हुआ जिसमें मुख्य वक्ता पुरुषोत्तम नागर एवं विभाग घोष प्रमुख रामचंद्र नागर एवं अन्य जिला खंड के कार्यकर्ता उपस्थित रहे. श्री नागर ने कहा कि जब तक हिंदू समाज के अंदर समरसता का भाव नहीं आएगा तब तक हम हिंदू समाज को एक जुट नहीं कर सकते हैं. हीन भावना को त्याग कर समरसता का भाव नहीं अपनाया तो हमारी आने वाली पीढ़ी को इसका का दूरगामी परिणाम भयानक होंगे. अंत में उन्होंने कहा कि पंच परिवर्तन का संकल्प प्ले और स्वयं अशोक अपने से शुरू कर अपने घर परिवार एवं गांव में सभी के जीवन में यह दैनिक व्यवहार में आना चाहिए. वहीं खंड के चितावलिया मंडल का संचलन पिप्लिया कला मे संपन्न हुआ जिसमें मुख्य वक्ता जादू प्रसाद शर्मा एवं जिला संघ चालक प्रेम सिंह एवं डॉक्टर रमेश दांगी एवं अन्य जिला खंड के कार्यकर्ता उपस्थित रहे. श्री नागर ने कहा है की विजयदशमी उत्सव हम त्रेता युग से मनाते आ रहे हैं कि भगवान राम का जीवन कैसा था. उनका जीवन चरित्र हमारीआने वाली पीढ़ी को बताना चाहिए. अंत में उन्होंने कहा कि पंच परिवर्तन का संकल्प प्ले और स्वयं अशोक अपने से शुरू कर अपने घर परिवार एवं गांव में सभी के जीवन में यह दैनिक व्यवहार में आना चाहिए.

### ध्वज के सम्मान में ग्रामीणों ने बरसाए फूल

**पड़ाना 13 अक्टूबर, सं.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्षो को लेकर समीप ग्राम मऊ में रविवार मां दुर्गा गौशाला परिसर में 7 गांव के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में 10 बजे के दरमियान घोष की धुन के साथ कदम ताल मिलाते हुए सेकड़ो स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन निकाला गया. जो नगर के खेड़ापति हनुमान मंदिर चौक, हरिहर मोहल्ला, राजपूत समाज श्री राम मंदिर चौक, नारायण मोहल्ला, नेशनल हाईवे ब्रिज चौराहा, सांदीपनी स्कूल रोड, होते हुए वापस गौशाला परिसर पहुंचा. इस दौरान ग्रामीणों ने ध्वज एवं पथ संचालन का विभिन्न गली मोहल्ले में फूल बरसाकर स्वागत व सम्मान किया. कार्यकम की अध्यक्षता वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रहलाद सिंह परमार, जिला सह संघ संचालक सिद्धनाथ वर्मा, जिला कार्यवाहक अजब सिंह इत्यादि मंचासिन हुए. सिद्धनाथ वर्मा ने कहां की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य समाज में एकता और संगठन की भावना को बढ़ावा देना है. इस मौके पर मंडल उपखंड खंड एवं जिले सहित ग्रामीण क्षेत्र के स्वयंसेवक व कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

**प्रशिक्षण** ▶ आपात स्थिति से निपटने आम नागरिकों को सीपीआर की तकनीक सिखाएगा स्वास्थ्य विभाग

# आम लोगों को सिखाएंगे सीपीआर, बचेंगी कई जानें



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 13 अक्टूबर, का.** जिले में कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन पर 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक एक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. अभियान के पहले दिन जिला अस्पताल में एक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. जिसमें उपस्थित आमजनों सहित मेडिकल स्टॉफ को इस तकनीक के बारे में विस्तार से बताया पर प्रैक्टिकली समझाया गया. साथ ही सभी लोगों को जीवन बचाने की शपथ भी दिलाई गई. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शोभा पटेल ने बताया कि सीपीआर पर प्रशिक्षण अभियान पूरे एक सप्ताह तक चलेगा. विशेषज्ञों ने अचानक कार्डियक अरेस्ट, दिल की धड़कन रूकने जैसी आपातकालीन स्थितियों में तुरंत और प्रभारी ढंग से कार्यवाही करने के लिए हाथों से सीपीआर देने की विधि को बहुत कारगर माना है.

इस पद्धति से एक घंटे के अंदर किसी की भी जान बचाई जा सकती है. सीएमएचओ ने कहा कि यह पहल केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहेगी. समाज में इस जीवन रक्षक कौशल के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक सप्ताह तक चलने वाले अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों और सामुदायिक केंद्रों पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी ताकि अधिक से अधिक लोग सीपीआर तकनीक सीख सकें और किसी भी आपात स्थिति में पहले जान बचाने वाले व्यक्ति बनें. जिला अस्पताल में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान डॉ आरके कठेरिया, डॉ सुधीर कलावत, आरएमओ डॉ अमित कोहली सहित अस्पताल स्टॉफ और आमजन मौजूद थे.

### सीपीआर का महत्व

इस अभियान का लक्ष्य है कि प्रत्येक नागरिक को पता हो कि सीपीआर क्या है और इसे कैसे दिया जाता है. क्योंकि समय पर दिया गया सीपीआर किसी की भी जान बचा सकता है. जब किसी व्यक्ति का दिल अचानक धड़कना बंद कर देता है और वह सांस नहीं ले पाता है तब यह तकनीक काम आती है. सीपीआर मुख्य रूप से दो प्रकार से दिया जाता है. पहला छाती को जोर से और तेजी से दबाना, जिससे दिल को कृत्रिम रूप से पंप किया जाता है, इससे रक्त संचार बना रहता है. दूसरा मुहं से मुहं में हवा भरकर फेफ?ों तक आक्सीजन पहुंचाने का काम किया जाता है, ताकि मरीज की सांस लेने की प्रक्रिया शुरू हो सके. इन दोनों तकनीकों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण लेने के बाद ही करना चाहिए.

# राजपूत क्षत्रीय समाज का दशहरा मिलन समारोह संपन्न



नवभारत न्यूज

**सुठालिया 13 अक्टूबर, सं.** गत दिवस रविवार को राजपूत क्षत्रिय समाज का दशहरा मिलन समारोह महाराजा गार्डन में आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नप अध्यक्ष महाराजा रामसिंह परमार ने की. वही कार्यक्रम में विशेष अतिथि रतनसिंह राठौड़, बीएस बेस प्राचार्य महाविद्यालय, रविंद्र सिंह कुशवाह, डॉ भारत सिंह चौहान, देवी सिंह चोडावत, गजराज सिंह आदि रहे. कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने समाज की परम्पराओ का निर्वहन करने साथ ही समाजिक एकता पर बल दिया. समाज हित में सभी कार्य करने का आव्हान किया गया. कार्यक्रम में समाज के मेधावी छात्र छात्राओं एवं वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया. कार्यक्रम के प्रारंभ में नप उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह परमार ने स्वागत भाषण दिया. कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट सुरेंद्र सिंह कुशवाह ने किया. आभार अर्जुन सिंह परमार ने माना. इस अवसर पर नगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के राजपूत समाज के सरदार बड़ी संख्या में मोजूद थे.